>

Title: Need to provide financial assistance from Prime Minister's Relief Fund to the people affected due to cloudburst, torrential rains and landslides in Uttarakhand.

श्री विजय बहुगुणा (टिहरी गढ़वाल): उत्तराखंड राज्य में लगातार हो रही मूसलाधार बरसात, बादल फटने तथा भूस्खलन से समस्त जनपदों में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पहाड़ी क्षेत्रों के कई स्थानों में निवासरत लोगों के घर, दुकानें, बाजार, मोटर मार्ग/सम्पर्क मार्ग तथा खेत खलिहान पूर्ण रूप से नष्ट हो चुके हैं और आवश्यक वस्तुं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

उत्तराखंड राज्य के जनपद उत्तरकाशी में गंगोत्री से पहले भटवाड़ी बाजार एवं गांव दैवीय आपदा की भेंट चढ़ गया। लोगों के घर, दुकानें तथा खेत सभी भू धंसाव से नष्ट हो गए। ऐसी घटनाएं राज्य के अन्य कई जनपदों में भी हुई हैं।

जिनके मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं राज्य सरकार द्वारा उन्हें मात्र रू0 2000/- तथा जिनके मकान पूर्ण रूप से ध्वस्त हुए हैं, उन्हें मात्र रू0 35,000/- की सहायता राशि प्रदान की जा रही है जो कि बहुत ही कम है। इस धनराशि से किसी भी मकान की मरम्मत तथा निर्माण असंभव है। जिनकी दुकानें नष्ट हो गई उन्हें किसी भी प्रकार की सहायता राशि प्रदान नहीं की जा रही है।

उत्तराखंड सरकार से अनुरोध करने के बाद भी पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाने हेतु अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

मेरा प्रधानमंत्री जी से अनुरोध है कि उत्तराखंड में आपदा से उत्पन्न विशेष परिस्थितियों को देखते हुए जिन लोगों के मकान व दुकानें ध्वस्त हो गई हैं तथा खेत कट गये हैं, उन्हें जम्मू कश्मीर में लेह की भांति प्रधानमंत्री राहत कोष से राज्य सरकार से सूची मंगा कर तत्काल सहायता राशि प्रदान कराने की कृपा करें।